
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 23.05.2023 से 28.05.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# हरियाणा के 100 करोड़ से ऊपर की परियोजनाओ की समीक्षा

(दिनांक 23.05.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आज 100 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा हेतु प्रशासनिक सचिवों की एक उच्च स्तरीय बैठक ली गई। बैठक में 11 प्रमुख विभागों की 100 करोड़ रुपये से अधिक की 45 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी अधिकारियों को परियोजनाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन इन जनकल्याणकारी परियोजनाओं से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने लंबित चल रही परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि पहली बार किसी परियोजना के लिए जो टाईमलाईन निर्धारित की जाती है, वह परियोजना उसी तय समय में ही पूरी होनी चाहिए। यदि किसी कारणवश समयावधि को बढ़ाने की आवश्यता है तो केवल एक बार विभाग अपने स्तर पर परियोजना के पूर्ण होने की समयावधि






को बढ़ा सकता है।

बैठक में बताया गया कि जिला महेंद्रगढ़ के बालखी में 114 करोड़ रुपये की लागत से पानी आपूर्ति प्रणाली में सुधार का कार्य भी जुलाई माह तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा, बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र में 35 गांवों को नहरी आधारित पेयजल आपूर्ति योजना तथा नूहं में नगीना व पिंगवान ब्लॉक के 52 गांवों व 5 ढाणियों को जलापूर्ति प्रणाली में सुधार का कार्य भी तेज गति से चल रहा है, जिसे इस वर्ष के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरीदाबाद से होडल तक जहां–जहां रैनीवेल आधारित परियोजनाएं बनाई गई हैं, उस क्षेत्र का वैज्ञानिक अध्ययन करवाया जाए। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पेयजल का उपयोग सिंचाई के लिए नहीं किया जाए और पेयजल आपूर्ति प्रणालियों के अवैध दोहन पर भी नजर रखी जाए।

बैठक में बताया गया कि 139 करोड़ रुपये की लागत से पिंजौर में बन रही सेब, फल व सब्जी मंडी का कार्य अंतिम चरण में है। 4 वस्तुओं के लिए विभिन्न शेड का निर्माण किया जा चुका है, इनमें से 1 शेड एयरकंडीशन्ड है। 52 दुकानों में से 39 का आवंटन किया जा चुका है, शेष दुकानों की आवंटन प्रकिया चल रही है। जल्द ही इस मंडी में व्यापार

# साप्ताहिक सूचना पत्र

होना शुरू हो जाएगा। इसके अलावा, गन्नौर में बनाई जाने वाली अंतरराष्ट्रीय मंडी का जून माह में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास किया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय परिसर, करनाल की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में पहले जारी टेंडर में कुछ कमिया या गलतियां पाई गई हैं और जिन कर्मचारियों ने ऐसा किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर इसका समुचित समाधान निकाला जाए और इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के अधिकारियों ने बताया गया कि भिवानी में लगभग 536 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे  पंडित नेकी राम शर्मा मेडीकल कॉलेज का सिविल कार्य पूरा हो चुका है। अन्य कार्य भी तेज गति से चल रहे हैं। कॉलेज में दाखिला प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक कार्रवाई भी पूरी की जा रही है और शैक्षणिक सत्र 2024–25 में इस कॉलेज में दाखिले किये जा सकेंगे। इसके अलावा, करनाल के कुटेल में बन रहे पंडित दीन दयाल उपाध्याय युनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेस का काम प्रक्रियाधीन है।

प्रदेशभर में विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही 100 करोड़ रुपये की लागत से अधिक की परियोजनाओं की मॉनिटरिंग हेतू हरियाणा प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल लॉन्च किया। अब विभागों द्वारा डीपीआर बनाने से लेकर अंतिम मंजूरी मिलने तक की सारी प्रक्रिया इस पोर्टल के माध्यम से होगी।

अब तक 6 समीक्षा बैठकें हो चुकी हैं और इसके परिणामस्वरूप आज तक 1900 करोड़ रुपये की 12 बड़ी परियोजनाएं पूरी हुई हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 14 विभागों की 90 से अधिक परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिनमें से आज की समीक्षा बैठक में प्रमुख 11 विभागों की 45 परियोजनाएं समीक्षा हेतु रखी गई हैं।

# कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 538 उम्मीदवारों को रोजगार प्रदान करना

(दिनांक 23.05.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने भ्झात्छ के माध्यम से 538 लोगों की जॉब के ऑफर लेटर प्रदान किए गए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने जॉब ऑफर प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी तरीके से सरकारी भर्तियां की जा रही हैं।

एचकेआरएन के माध्यम से दी जाने वाली नौकरियों में भी पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है, जिससे युवाओं में खुशी की लहर है। इसी कड़ी में आज एक बार फिर माननीय मुख्यमंत्री जी ने एक क्लिक के माध्यम से विभिन्न विभागों में कार्य करने हेतु 534 कंडक्टरों को शॉर्टलिस्ट किया।

इसके अतिरिक्त 896 लोगों को 5 मई, 2023 को शॉर्टलिस्ट किया गया था जिनमें से 538 उम्मीदवारों को उनकी सहमति के उपरांत डिप्लॉयमेंट ऑफर



# साप्ताहिक सूचना पत्र

लेटर भेजे गए जिनमें मुख्यतः 108 एनालिटिकल एसोसिएट्स, 55 आयुष योग सहायक, 34 डाटा एंट्री ऑपरेटर, 92 फायरमैन/फायर ड्राइवर, 57 जुनियर इंजीनियर, 60 लैब सुपरवाइजर इत्यादि शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का ध्येय अंत्योदय परिवारों के सदस्यों को एचकेआरएन के तहत प्राथमिकता देते हुए उन्हें रोजगार के अवसर मुहैया करवाना है, ताकि ऐसे परिवारों का आर्थिक उत्थान हो सके और वे आगे बढ़ सकें।

उन्होंने कहा कि सरकार को लगातार आउटसोर्सिंग पॉलिसी के तहत सेवा प्रदाताओं द्वारा रखे गए कर्मचारियों के शोषण की शिकायतें प्राप्त होती थी, इसलिए वर्तमान सरकार ने कौशल रोजगार निगम का गठन करने का निर्णय लिया था। अब सभी अनुबंध कर्मचारियों की नियुक्ति निगम के माध्यम से पारदर्शी तरीके से हो रही है।

उन्होंने कहा कि पहले डीसी रेट पर



अस्थाई कर्मचारी रखे जाते थे। विभिन्न जिलों में अलग–अलग डीसी रेट के कारण कुछ परेशानी भी आती थी। अब एचकेआरएन में मासिक–पे को भी रेगुलराईज किया गया है और इन कर्मचारियों को ईपीएफ, ईएसआईसी इत्यादि का भी पूरा लाभ मिल रहा है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## यूपीएससी की परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों को दी शुभकामनाए

(दिनांक 23.05.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को बधाई देने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

उन्होंने हरियाणा से संबंध रखने वाले अभ्यर्थियों को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि जो भी अभ्यर्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से राष्ट्र की सेवा करेंगे।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन अभ्यर्थियों से प्रेरणा लेकर प्रदेश के अन्य युवा भी निरंतर उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। गौरतलब है कि आज संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 के नतीजे घोषित किए हैं। इस परीक्षा में हरियाणा के कई युवाओं ने बाजी मारी है।

फतेहाबाद जिला के गोरखपुर गांव के अभिनव सिवाच ने परीक्षा में 12वां रैंक हासिल किया है।

वहीं जुलाना के गुसाई खेड़ा की अंकिता पंवार ने 28वां, झज्जर की मुस्कान डागर ने 72वां, चरखी दादरी के सुनील फोगाट ने 77वां, कैथल की दिव्यांशी सिंगला ने 95वां, महेंद्रगढ़ की दिव्या ने 105वां, मेवात के आकिप ख़ान ने 268वां, तोशाम के भावेश ने 280वां, महेंद्रगढ़ की अभिरूचि यादव ने 317वां, भिवानी जिला के मितथाल गांव के राहुल ने 508वां और एचसीएस की सेकंड टॉपर प्रगति रानी ने 740वां रैंक हासिल किया है।

चरखी दादरी जिले के गांव झिंझर के सुनील कुमार फौगाट भी यूपीएससी की परीक्षा में सफल हुए हैं। इसके अलावा हरियाणा के अनिरुद्ध यादव ने परीक्षा में 8वां स्थान हासिल किया है।

# जिला महेंद्रगढ़ के तीन दिवसीय जन संवाद की शुरूआत

(दिनांक 24.05.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने बुधवार को जिला महेंद्रगढ़ के गांव बलाहा कलां से जन संवाद कार्यक्रम के पहले दिन 5.31 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) का उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामीणों को पीएचसी का तोहफा देते हुए कहा कि इससे बलाहा कलां के साथ–साथ आसपास के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने की दिशा में सरकार प्रभावी रूप से कार्य कर रही है और जनसेवा की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ाये जा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने दिव्यांगजन को






व्हील चेयर व कृत्रिम अंग भेंट करते हुए उन्हें सरकार की ओर से हर सम्भव सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। परिवार पहचान पत्र के तहत ऑटो मोड से बनी वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के लाभार्थियों को प्रमाण प्त्र दिए।

इसी प्रकार आयुष्मान योजना के पात्र लाभार्थियों को भी कार्ड देकर योजना के उद्देश्य से अवगत कराया। वहीं गांव बलाहा कलां के लवित, गांव गोद के अनीश और गजनेश को जन्म दिन की बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे नम्बर लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में सरकार ने इस क्षेत्र में सराहनीय कदम उठाए हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि पानी का लेवल ऊपर उठाने के लिए सभी जल संचय करें। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पानी के संकट

को खत्म करने के लिए क्षेत्र में जरूरत अनुरूप नहर की व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने बताया कि गांव खोरियावास में नया मेडिकल कॉलेज बन रहा है और अगले साल तक स्वास्थ्य सेवा के रूप में मेडिकल कॉलेज की सौगात महेंद्रगढ़ को मिलेगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में पेट ट्रांसफॉर्मर लगाएंगे ताकि ढाणी तक बिजली आपूर्ति नियमित हो। उन्होंने लोगों की मांग पर ट्रांसपोर्ट विभाग को हाईवे के पास बस–वे बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नशा रोकथाम के लिए महेंद्रगढ़ जिला में विशेष अभियान चलाया जाए।

उन्होंने कहा कि यह भी मॉनिटरिंग की





जाए कि कोई भी यदि नशीले पदार्थों की आपूर्ति करता है तो उसकी सूचना प्रशासन को दें ताकि युवा शक्ति को भटकाव से रोका जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि ग्राम सभाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। गांव निजामपुर में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के आखिरी छोर पर राजस्थान की सीमा से लगते महेंद्रगढ़ जिला के गांव निजामपुर सहित क्षेत्र के 9 गांवों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए 34 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी देने की घोषणा की। इस योजना के तहत 5 और 4 गांव के दो ग्रुप बनाकर धानचौली माइनर व हसनपुर डिस्ट्रीब्यूटरी से लिंक बनाकर क्षेत्र में पानी के 10 से 12 स्टोरेज टैंक बनाए जाएंगे और पाइप के माध्यम से किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान गांव में कम्युनिटी सेंटर बनाने की मांग को भी उन्होंने मंजूरी प्रदान की और साथ लगते गांव नापला में भी कम्युनिटी सेंटर का काम शुरू करवाने की बात भी कही। गांव निजामपुर में 16 करोड़ 11 लाख 81 हजार रुपये की लागत से बनने वाली तीन परियोजनाओं की आधारशिला भी



रखी। इन परियोजनाओं में 346.81 लाख रुपए की लागत से बनने वाले धोलेड़ा बाईपास, गांव बीघोपुर–धोलेड़ा–ख़्वाजपुर के लिए 704 लाख रुपए तथा गांव इकबालपुर नंगली–नेहरू नगर–भुंगारका के लिए 561 लाख रुपए की सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएं शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े 8 वर्षों के दौरान सरकार का प्रयास रहा है कि प्रदेश के हर गांव में पानी पहुंचे।

इसी सोच पर काम करते हुए दक्षिण हरियाणा को यमुना नदी का पानी उपलब्ध कराने के लिए पुराने लिफ्ट सिस्टम को 143 करोड़ रुपए की लागत से नया किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रयास से प्रदेश की 300 टेल तक पानी पहुंचा है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र











# नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 8वीं बैठक

(दिनांक 27.05.2023)

**प्रभाव :** माननीय प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में शनिवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 8वीं बैठक हुई, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी हिस्सा लिया। हरियाणा वर्ष 2024 तक देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन को निरंतर आगे बढ़ा रहा है और विकसित भारत के निर्माण में भी हरियाणा अग्रणी भूमिका निभाएगा। जिस प्रकार प्रधानमंत्री सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए देश का विकास सुनिश्चित कर रहे हैं, उसी प्रकार राज्य सरकार भी हरियाणा एक–हरियाणवी एक के पथ पर चलते हुए प्रदेश का एक समान विकास सुनिश्चित कर रही है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के जनसेवा के 9 वर्ष पूरे हुए हैं। इन 9 सालों में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत पुनः समृद्धशाली, शक्तिशाली, वैभवशाली सम्पन्न और सशक्त होने की दिशा में नित नए आयाम



स्थापित कर रहा है। हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने वर्ष 2017 में अपना महत्वाकांक्षी विजन डॉक्यूमेंट–2030 लॉन्च किया। नीति आयोग ने हरियाणा की पहचान सबसे अधिक सुधार करने वाले राज्य के रूप में की है। लोगों को सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ घरद्वार पर ही देने के लिए राज्य सरकार ने परिवार पहचान पत्र कार्यक्रम चलाया है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पीपीपी के माध्यम से 44 हजार से अधिक बुजुर्गों को घर बैठे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता का लाभ देने में सफल हुए हैं। इसके आलावा, 81 हजार दिव्यांगजनों को भी घर बैठे पेंशन प्रदान की गई है। आयुष्मान चिरायु योजना के तहत लगभग 75 लाख चिरायु कार्ड बनाए जा चुके हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारत का विकास और आत्मनिर्भरता जल सुरक्षा और जल कनेक्टिविटी पर निर्भर है। हरियाणा सरकार ने प्रधानमंत्री के जल संरक्षण के सपने को साकार करने के लिए कई कदम उठाए हैं। वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत उपचारित जल का उपयोग करने के उद्देश्य से हरियाणा उपचारित अपशिष्ट जल नीति बनाई गई है। सरकार ने 26 व 27 अप्रैल, 2023 को अमृत जल क्रांति थीम पर दो दिवसीय वाटर कॉन्क्लेव आयोजित की थी। इसका मुख्य उद्देश्य सभी संबंधित विभागों द्वारा अगले दो वर्षों में जल अंतर को कम करने के लिए एक मासिक कार्य योजना पर विचार– विमर्श करना था। योजना के अनुसार अगले दो वर्षों में पानी की बचत करके पानी की मांग व आपूर्ति के अंतर को लगभग 49 प्रतिशत तक कम करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किये गये अमृत सरोवर मिशन के तहत प्रदेश में 1312 तालाबों का काम पूरा हो चुका है और 981 तालाबों पर काम जारी है। उन्होंने राज्य को 17 राष्ट्रीय राजमार्ग का तोहफा देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट किया। इनके बन जाने से प्रदेश के हर जिले से कम से कम एक राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरेगा।

# हरियाणा सन्निर्माण कर्मगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों से सीधा संवाद

(दिनांक 28.05.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने नई दिल्ली से ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों व उनके बच्चों से सीधा संवाद कर कहा कि नई संसद के रूप में आज देश को एक नई सौगात मिली है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने आज वैदिक विधि विधान के साथ संसद भवन का उद्घाटन कर देशवासियों को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने संसद भवन के निर्माण में श्रमिकों के योगदान को महत्व देते हुए श्रमिकों को सम्मानित भी किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के इसी मार्गदर्शन पर चलते हुए हरियाणा सरकार भी श्रमिकों को पूरा सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि हर निर्माण में श्रमिकों का अहम योगदान है और श्रमिकों के बल पर ही आज देश आत्मनिर्भर बन रहा है।

इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिकों के बच्चों को दी जाने वाली छात्रवृति को राशि को बढ़ाने की घोषणा की।

उन्होंने कक्षा 9वीं से 10वीं तक मिलने वाली 7 हजार रुपये की राशि, कक्षा 11वीं से 12वीं तक 7750 रुपये तथा उच्च शिक्षा के लिए 8500 रुपये की राशि को बढ़ाकर तीनों श्रेणियों में बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया है। संवाद के दौरान श्रमिकों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने उनके लिए जितनी भी योजनाएं चलाई है, उससे वे बहुत

लाभान्वित हो रहे हैं। अधिकांश श्रमिकों ने उनके बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और कहा कि वे स्वयं श्रमिक है, लेकिन हम अपने बच्चों को शिक्षा देकर जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना का सपना रखते हैं। इस सपने को पूरा करने में माननीय मुख्यमंत्री जी उनका सहारा बने हैं। इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद। संवाद के दौरान रेवाड़ी जिले के निमोठ गांव की भावना ने शिक्षा के प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया और गांव में एक लाईब्रेरी बनाने की अपील की। इस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने तुरंत ही निमोठ गांव के लिए लाईब्रेरी बनाने को मंजूरी प्रदान की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राष्ट्र को समर्पित नई संसद

(दिनांक 28.05.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने नव निर्मित संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित करने पर देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करते हुए देशवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि नया संसद भवन माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ने के साथ–साथ सशक्त व मजबूत बनाएगा और भारत को दुनिया में एक नई पहचान दिलाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को समर्पित नया संसद भवन हमारी संस्कृति, प्राचीन विरासत एवं आधुनिक आकांक्षाओं का अद्भुत संगम है। नए भवन में ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, ग्रीन टेक्नोलॉजी, पर्यावरण अनुकूलता की विशिष्टता का समागम है। आत्मनिर्भर भारत के प्रतीक इस भवन के निर्माण में भारत के हर भाग ने अपनी भागीदारी निभाई है, जिससे विकास व



# साप्ताहिक सूचना पत्र

विरासत की सांझी झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह भवन एक भारत– श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को चरितार्थ करेगा। नई संसद भवन का नया विराट लोकसभा कक्ष राष्ट्रीय पक्षी मोर से प्रेरित है। वहीं इसका आकार मौजूदा लोकसभा से लगभग दो गुना बड़ा है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा की नया संसद भवन वास्तुशिल्प कला व संस्कृति का अद्भुत उदाहरण है। नवनिर्मित नए संसद भवन में प्रत्येक भारतीय को अपने–अपने राज्यों की संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि नये संसद भवन का उद्घाटन आजादी के अमृत काल में हुआ है और संपूर्ण राष्ट्र आज इस महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पल का साक्षी बन रहा है। लोकतंत्र हमारी बहुमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन की संरचना लगभग 59 हजार श्रमवीरों के योगदान से तैयार हुई है। यह सभी श्रमवीर बहुत ही बधाई के पात्र हैं। जिनकी कड़ी मेहनत से यह भवन अढाई वर्ष से पहले ही बनकर तैयार हुआ है। नये संसद भवन में जनता के स्वागत के लिए विशाल दर्शक दीर्घा है। अत्याधुनिक डिजिटल उपकरण दोनों सदनों की सुविधाओं को नया आयाम देते हैं। नए संसद भवन में सदस्यों के लिए बायोमेट्रिक की सुविधा उपलब्ध है और इसी प्रकार वोटिंग के परिणाम व सदन की कार्यवाही के प्रसारण के लिए विशाल मल्टीमीडिया डिस्प्ले है।

नए संसद भवन में ऑटोमेटिक कैमरा कंट्रोल और कमांड सेंटर का भी निर्माण किया गया है और सबसे बड़ी बात यह है यह स्मार्ट भवन पूरी तरह से पेपरलेस है। इस भवन के सेंटर में संविधान कक्ष बना है और साथ ही यहीं पर भारत के संविधान की डिजिटल प्रति रूपी भी रखी गई है। नए संसद भवन में सदस्यों के लिए निर्मित कक्ष, पुस्तकालय, भोजन कक्ष आदि की सुविधा भी है। सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा व सुविधाओं के लिए स्मार्ट फीचर व स्मार्ट ऐक्सेस की व्यवस्था है।